प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

......

प्रदेशभर में आज से सुशासन सप्ताह की शुरूआत हो गई है। इसके तहत **प्रशासन गांवों की ओर अभियान 2024** चलाया जायेगा। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर लगाये जायेंगे, जिससे लोगों की शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। अभियान का उद्‌देश्य केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढावा देना है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जायेगा।

......

सरकार एक देश एक चुनाव विधेयक का मामला आज संयुक्त संसदीय समिति को सौंप रही है। इस समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सांसद शामिल हैं। समिति में भारतीय जनता पार्टी के पीपी चौधरी, अनुराग सिंह ठाकुर, परषोत्तम भाई रूपाला, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और मनीष तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी–शरद पवार गुट की सुप्रिया सुले शामिल हैं।

......

मुम्बई नाव हादसे में जयपुर के रेनवाल क्षेत्र के जूनसिया गांव के जवान महेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गई। श्री सिंह मार्कोस कमांडो के पद पर कार्यरत थे। गौरतलब है कि कल बुचर द्वीप पर एक यात्री बोट और नेवी की स्पीड बोट के टकराने से 13 लोगों की मौत हो गई। इनमें नौसेना के तीन जवान भी शामिल है। हादसा गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जाने के दौरान हुआ। शहीद महेन्द्र सिंह का शव कल दोपहर तक जूनसिया गांव पंहुचने की संभावना हैं।

......

जयपुर में टेंट व्यवसाइयों और इवेंट के कई कारोबारियों पर आज आयकर विभाग ने कार्रवाई की। विभाग की टीम 20 से अधिक व्यावसायिक ठिकानों पर जांच कर रही है। कारोबारियों के ऑनलाइन रिकॉर्ड को भी जांचा जाएगा।

......

राज्य सरकार ने श्रीगंगानगर में कैंसर विंग के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक मोंगा ने बताया कि इसके लिए पीपीपी मोड पर मशीने उपलब्ध करवाई जायेगी। इसके साथ ही मेडिकल, रेडिएशन और संर्जीकल ऑनकोलॉजी के दो–दो सहायक आचार्य तथा रेडियो लॉजिकल फिजिक्स में एक पद मंजूर किया गया है। ये कैंसर विंग मेडिकल कॉलेज में शुरू की जायेगी।

......

कोटा के कवि मुकुट मणिराज को साहित्य अकादमी नई दिल्ली की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। विभिन्न विधाओं और भाषाओं के लिए कल केन्द्रीय साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा हुई। इनमें राजस्थानी के लिए श्री मणिराज का नाम शामिल है। उन्हें कविता संग्रह **गांव अर अम्मा** के लिए राजस्थानी का सर्वोच्च पुरस्कार दिया जायेगा।

......

जयपुर ज्वैलरी शो कल से शुरू हो रहा हैं। चार दिन का ये शो जयपुर के सीतापुरा में जेईसीसी में होगा। इस साल ये शो **'रूबीज रेयर, रॉयल और रेवर्ड'** थीम पर होने जा रहा है। जेजेएस के चेयरमेन ने बताया कि शो के लिये 1200 से ज्यादा बूथ बनाये गये हैं।

......

राज्य में करौली, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर सहित कई स्थानों पर शीतलहर का दौर जारी है। आज 9 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सैल्सियस से कम रहा। भरतपुर, बारां, सवाईमाधोपुर और कई स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। झुंझुनूं में कोहरे ओर धुएं से

स्मॉग बना हुआ है। इन दिनों शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार पहुंच गया है। कोटपूतली बहरोड़ में कडाके की सर्दी को देखते हुए कृषि विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। स्थानीय किसान ने बताया कि अधिकारी पाले से बचाव के तरीके बता रहे है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है। वहीं शीतलहर का दौर भी अगले तीन दिन तक जारी रहने के आसार है। विभाग के अनुसार प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिसम्बर महीने के आखिरी सप्ताह में कहीं—कहीं बारिश की संभावना है।

------